पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल गणेश उत्सव में सम्मिलित हुए

19 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज चौक सर्राफा बाजार, लखनऊ स्थित कालीजी मंदिर में श्री गणेश उत्सव समारोह में सम्मिलित होकर पूजा एवं आरती की तथा प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर लखनऊ के पूर्व सांसद श्री लालजी टण्डन, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एस0बी0 निम्से व मराठी समाज के पदाधिकारी व श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने दो उत्सवों का प्रारम्भ किया। उन्होंने गणेशोत्सव व शिवाजी जन्मोत्सव का शुभारम्भ किया, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग एकत्र होकर देश को आजादी दिलाने के लिए जाग्रत हुए। उन्होंने कहा कि पहले गणपति पूजा घरों में होती थी पर अब सार्वजनिक तौर पर आयोजित की जाती है।

श्री नाईक ने इस अवसर पर सुझाव दिया कि यदि मराठी भाषी लोग राजभवन में कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम करना चाहेंगे तो वे विचार करेंगे। इससे पूर्व श्री लालजी टण्डन पूर्व सांसद ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा कुलपति, प्रो0 एस0बी0 निम्से ने भी अपने विचार रखें।

माननीय राज्यपाल

गणेश उत्सव
श्री राम नाईक जी